हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

10 9 साल बाद हुई मक्खन की ताजपोशी, जिप चेयरमैन बने



10 वार्ड 4 में होगा गली का निर्माण, अध्यक्ष ने किया शिलान्यास



## खबर संक्षेप

### बच्चे को पीटने वाले मौलवी पर केस दर्ज

**पानीपत।** इस्लामिक शिक्षा लेने में लापरवाही बरतने का आरोप लगा नौ साल के बच्चे को बुरी तरह से पीटने वाले मौलवी आलीशान पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मौलवी आलीशान के खिलाफ बच्चे के पिता मोहम्मद अंसारी निवासी गांव पसीना ने शिकायत दी है। वहीं थानेदार अनिल ने बताया कि बच्चे को पीटने जाने के मामले में मौलवी आलीशान पर केस दर्ज कर लिया है। बच्चे के शरीर पर मारपीट के निशान है।

### युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाया

**पानीपत।** ओल्ड इंडस्ट्रीज थाना पुलिस ने बुधवार को 24 वर्षीय सागर पुत्र ओमपाल निवासी पप्पू कालोनी के शव का पोस्टमार्टम करवाया। स्मरणीय है कि सागर ने मंगलवार को अपने घर पर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं परिजन सागर के शव का पुलिस को बिना बताए, बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर रहे थे। इस संबंध में सूचना मिलने पर पुलिस शिवपुरी पहुंची और सागर के शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### पंप में तेल की गड़बड़ी से कार चालक का हंगामा

**करनाल।** जीटी रोड के अल्फा सिटी के समीप तेजेंद्रा पेट्रोल पंप पर एक बीएमडब्ल्यू कार चालक रविंद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके वाहन में तेल में गड़बड़ी हुई। पंप पर मौजूद महिला कर्मचारी ने उसे 76.70 लीटर डीजल की पर्ची थमा दी, जबकि कार की टंकी केवल 70 लीटर की थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि कार की टंकी में पहले से ही 5 लीटर तेल मौजूद था। टंकी खोलकर तेल की जाँच के बाद 57 लीटर ही निकला।

### सीआईए की कार्रवाई, 9 सट्टेबाज किए गिरफ्तार

**करनाल।** जिले में सट्टे का खेल अब भी जारी है। घरौंडा में हुई बड़ी कार्रवाई के बावजूद विभिन्न स्थानों पर यह खेल चल रहा है। मंगलवार देर रात सीआईए-3 की टीम ने रामनगर में दबिश दी और सट्टा खेलते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के पास से 1.23 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। रामनगर थाना में आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## राज्यमंत्री राजेश नागर ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

# धान खरीद का लिया जायजा, किसानों और आढ़तियों से व्यवस्था को लेकर की बातचीत

**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री बोले, किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर सीएम ने मंडियों में समय से पहले शुरू की धान की खरीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान खरीद कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत की। किसानों एवं आढ़तियों ने खरीद व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इससे पहले मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचने पर एसडीएम शिवजीत भारती ने राज्य मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्य मंत्री ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से अब तक हुई धान की आमद और खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद सीजन के दौरान किसी भी किसान को दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- किसानों को राहत देते हुए इस बार खरीद को पहले ही 22 सितंबर से शुरू कर दिया है।

धान खरीद को लेकर प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत देते हुए इस बार 1 अक्तूबर से प्रस्तावित खरीद को पहले ही 22 सितंबर से शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान में नमी की मात्रा को भी चेक किया।

उन्होंने कहा कि मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडी में आने वाले किसानों को पीने के पानी की कोई समस्या न हो। राज्य मंत्री ने कहा कि धान खरीद में पारदर्शिता व निष्पक्षता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें। नागर को अधिकारियों ने जानकारी दी कि अब तक यहां की अनाज मंडी एवं भरेड़ी और बेरखेड़ी खरीद केंद्रों पर कुल 48,343 क्विंटल धान की आमद हो चुकी है जबकि 17,493 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। यहां ग्रेड-ए पैड़ी कॉमन धान आता है जिसकी खरीद एमएसपी 2,389 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा रही है। मंडी में 17 प्रतिशत नमी तक धान की खरीद की जा रही है। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि धान खरीद को लेकर मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि खरीद सीजन को देखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अनाज मंडी एवं अन्य खरीद केंद्रों पर कुल 8,33,543 क्विंटल धान की खरीद हुई थी।



**नारायणगढ़।** राज्य मंत्री श्री राजेश नागर अनाज मंडी में धान खरीद को लेकर किसान से बातचीत करते हुए।

## पेट्रोल पंप पर जांची व्यवस्थाएं

# अचानक पंप पर पहुंचे राज्यमंत्री तेल डालने की नोजल को जांचा



**अंबाला।** नोजल के जरिए डाले जा रहे तेल को चेक करते मंत्री राजेश नागर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने बुधवार को को अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर काकरू स्थित गौतम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नोजल के माध्यम से पंप पर पेट्रोल के पैमाने को चेक किया।

इसके साथ-साथ उन्होंने पेट्रोल पंप की अन्य गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। बता दें कि खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सडक़ मार्ग के माध्यम से दिल्ली से वापिस चंडीगढ़ आ रहे थे। तब उन्होंने गौतम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान पेट्रोल पंप पर मशीनों पर लगी नोजल के माध्यम से पेट्रोल की मात्रा को चेक किया। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि लगभग 14 नोजल के माध्यम से पेट्रोल की मात्रा/पैमाने को चेक किया गया है। पंप पर सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। उन्होंने पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालायों की व्यवस्था के साथ-साथ अग्नि शमन यंत्रों के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी पंप सभी हिदायतों की पालना करें ताकि उपभोक्ताओं को गणवत्ता युक्त व सही पैमाने में पेट्रोल इत्यादि मिल सके। इस मौके पर मापतोल विभाग के इंसपेक्टर दलीप कुमार भी मौजूद रहे।

## नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार

# 3.800 किलो गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार, छह दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। इस सिलसिले में एक आरोपी को काबू किया है। अब पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है। इस मामले में कई दूसरे आरोपियों के भी पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अंबाला छावनी के सुभाष चौक के पास से नशा तस्करी के मामले में बिहार के रहने वाले आरोपी दिनेश कुमार को काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने



आरोपी के कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सीआईए टू के उप-निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह अंबाला छावनी से नशे की बड़ी खेप के साथ निकलेगा। सूचना उपरांत पुलिस ने सुभाष चौक के पास आरोपी को काबू किया। यहां पहचान के बाद उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

### अवैध हथियारों की खेप के साथ दो गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बाइक सवार दो आरोपियों लोकेश पुत्र अनिल निवासी गांव नामुंडा हाल निवासी भरत कालोनी, समालखा व नीरज उर्फ मेदा पुत्र मदन गांव मनाना जिला पानीपत को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो देसी पिस्तौल, एक रौंद बरामद किया है। आरोपी बिन नंबर प्लेट की बाइक पर सवार थे। वहीं, एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि दोनों की तलाशी ली तो एक की जेब से एक देसी पिस्तौल व दूसरे की जेब से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

- आरोपी महिला से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई
- एंटी नारकोटिक सेल ने गांव बरोली माजरा में की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बरोली माजरा में छापामारी कर एक महिला को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी महिला से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपी महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला काफी दिनों से नशीला पदार्थ बेचने का काम करती थी।

**न्यायिक हिरासत में भेजा**

*जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएसआई नवीन कुमार ने बताया कि देर शाम उनकी टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव बरोली माजरा निवासी सीमा खातुन नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है। महिला इस समय अपने घर पर मौजूद है और नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम ने गांव बरोली माजरा में पहुंचकर महिला के घर में दबिश दी। महिला के घर की तलाशी लेने पर वहां से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। टीम ने मामले की सूचना छछरौली पुलिस को दी। पुलिस ने सीमा खातुन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।*

### पूर्व विधायक को दो करोड़ की मानहानि का नोटिस

समालखा। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने समालखा के पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर पर मानहानि करने का आरोप लगाते हुए दो करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है। साथ ही शर्त की एक करोड़ रुपये की राशि भी तुरंत जमा कराने की मांग की है ताकि इसे अनाथालय व वृद्ध आश्रम में दान किया जा सके। नोटिस में कपूर ने चेतावनी दी कि अगर पंद्रह दिन में पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर ने लिखित माफ़ी न मांगी तो उनके विरुद्ध मानहानि की दो करोड़ रुपये मुआवजा राशि वसूली के लिए सिविल कोर्ट में व सजा कराने के लिए क्रिमिनल कोर्ट में शिकायत केस दर्ज कराया जाएगा। कपूर ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक ने गत सात सितंबर को प्रेस कांफ्रेंस करके व वीडियो वायरल करके उन पर बेबुनियाद इलज़ाम लगा कर उन्हें बदनाम किया है। वहीं, कपूर ने बताया कि पूर्व विधायक उनसे रंजिश रखते हैं और हर वक्त बेवजह उन्हें बदनाम करने में लगे रहते हैं। इनके विरुद्ध पहले भी समालखा कोर्ट में मानहानि के दो शिकायत केस दर्ज करा रखे हैं।

- एक करोड की राशि अनाथालय व वृद्ध आश्रम के दान की जाएगी

### सजायाफ्ता महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत जेल में पति अनिल की हत्या के दोष में पानीपत जेल में कैद भोग रही संगीता की सिविल अस्पताल में मौत हो गई। जेलर ने बताया कि संगीता कैंसर से पीडित थी और उसका उपचार चल रहा था। मंगलवाल के हालत बिगडने पर संगीता को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड दिया। जेल प्रशासन की सूचना पर पुलिस व परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने जांच के बार संगीता के शव का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। स्मरणीय है कि संगीता मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी थी और उसका विवाह पानीपत के धूप सिंह नगर निवासी अनिल से हुआ था।

### ज्यादा ब्याज वसूलने पर दो फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** ज्यादा ब्याज वसूलने के आरोप में पुलिस ने दो फाइनेंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ति व्यक्ति का आरोप है कि ब्याज समेत पूरे रुपये लौटने के बाद भी आरोपियों ने उनकी तरफ एक लाख 13 हजार रुपये की देनदारी निकाली हुई है। ब्लैंक चेक व खाली स्टांप वापस मांगने पर आरोपी उन्हें धमकियां देते हैं। जानकारी के अनुसार रामपुरा खादर निवासी चरण सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह सुखमनी पैलेस के पास पहले चाय की दुकान करता था। वह बूडिया निवासी राजकुमार को काफी पहले से जानता था। उसने आरोपी से 15 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। मगर उसने यह रुपये ब्यास समेत वापस कर दिए। अब फिर से उसे रुपयों की जरूरत थी तो उसने आरोपी से 21 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। आरोपी ने उसके बदले उससे चार ब्लैंक चेक और खाली स्टांप पेपर लिया। इसके बाद उसने आरोपी को ब्याज समेत 37 हजार रुपये लौटा दिए। जब उसने आरोपी से अपने ब्लैंक चेक व स्टांप पेपर वापस मांगा तो आरोपी ने यह देने से मना कर दिया। आरोपी ने उनकी तरफ एक लाख 13 हजार रुपये की देनदारी निकाली हुई है। रुपये न देने पर आरोपी उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने बताया कि आरोपी श्यामा नाम के व्यक्ति को उनके घर पर लेकर आ जाता है और उनको धमकियां देता है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद राजकुमार व श्यामा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पीड़ित व्यक्ति ने लगाया ब्याज समेत पूरे पैसे वसूलने के बाद भी बकाया एक लाख 13 हजार निकालने का आरोप

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में व्यापारियों से किया जनसंपर्क

# स्वदेशी अपनाने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : कंवरपाल

- व्यापारियों को जीएसटी सुधारों से होने वाले लाभ की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जीएसटी सुधार करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। यह स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को जीएसटी सुधारों को लेकर जगाधरी में व्यापारियों से किए गए जनसंपर्क अभियान के दौरान कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में बड़े सुधारों की घोषणा करके बहुत सराहनीय कार्य किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार भी आम जनता तक इसका सीधा लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। जिससे आमजन में खुशी का माहौल है। यह जीएसटी संबंधित सुधार गत 22 सितंबर से लागू हो गए हैं। नए जीएसटी सुधारों और आयकर में छूट को मिलाकर देशवासियों को सालाना बड़ी बचत होगी।

एक राष्ट्र, एक टैक्स से देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पहले की चार जीएसटी दरों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को घटाकर दो मुख्य दरों 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार के इस कदम से रोजमर्रा के इस्तेमाल की करीब 99 प्रतिशत चीजें अब 5 प्रतिशत या उससे कम की जीएसटी दर के दायरे में आ गई हैं। इससे आम आदमी को काफी बचत होगी। इसके अलावा सरकार ने बजट में इस वर्ष 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री करके आयकर में राहत का तोहफा दिया है। जिससे मध्यम वर्ग को फायदा होगा।



**यमुनानगर।** जगाधरी में जीएसटी सुधारों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

**आम नागरिकों का आह्वान**

*पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने व्यापारियों के साथ साथ आम नागरिकों से आह्वान किया है कि सभी नागरिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी से देश आत्मनिर्भर बनेगा। इन सुधारों से उद्योगों और व्यापारियों के लिए कर प्रणाली और अधिक सरल हो जाएगी। जिससे उनके कारोबार में भी बढ़ोतरी होगी। यह अगली पीढ़ी का जीएसटी किसानों से लेकर उद्यमों तक, परिवार से लेकर व्यवसाय तक खुशियां लेकर आया है इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।*

### ये रहे मौजूद

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, प्रियंक शर्मा, कृष्ण खदरी, भाजपा नेता विपुल गर्ग, सीताराम मित्तल, पूनम अग्रवाल व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# निवेश में मुनाफा के नाम पर ठगे 7.47 लाख रुपये

- पुलिस ने एक महिला के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऑनलाइन बिजनेस में निवेश कर अधिक मुनाफ कमाने का लालच देकर एक युवती व युवक से 7.47 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप पंजाब के जिला पटियाला के आजाद नगर निवासी निशा पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर के विष्णुनगर निवासी गुरप्रीत कौर व कर्मजीत सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2024 में पटियाला के आजाद नगर की निशा ने उनसे इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से संपर्क किया। ऑनलाइन बात करते हुए निशा ने खुद को ऑनलाइन बिजनेस एक्सपर्ट बताया। निशा ने कहा कि ऑनलाइन बिजनेस में निवेश करने पर कई गुना मुनाफा कमाया जा सकता है। निशा ने उन्हें निवेश के लिए मनाया। निशा की बातों में आकर उन्होंने उसके बताए खातों में 28 जनवरी 2024 से 17 जुलाई 2025 तक 7.47 लाख रुपये डाल दिए।

इसके बाद उन्होंने निशा को मुनाफा देने के लिए कहा तो वह टाल मटोल करती रही। परेशान होकर जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# त्योहारी सीजन में जीएसटी छूट से जनता व व्यापारियों को मिला लाभ : मुख्यमंत्री

■ दुकानदारों ने फूल बरसाकर सीएम का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को करनाल के नेहरू प्लेस पहुंचे और यहां दुकानदारों से सीधे संवाद किया। दुकानदारों ने फूल बरसाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और जीएसटी में दी गई छूट को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय की सराहना की। नेहरू प्लेस के प्रमुख व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से खुलकर अपने अनुभव साझा किए। कपड़ा व्यापारी अनिल गुप्ता ने कहा, "इस बार त्योहारी सीजन की बिक्री में दोगुनी रौनक है। जीएसटी छूट ने ग्राहकों को आकर्षित किया है और हमें भी राहत दी है।" मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लालकिले की प्राचीर से देश की जनता, व्यापारियों, गरीबों और उद्योग जगत को जीएसटी में बड़ी राहत देने की घोषणा की थी। इस वायदे को एक महीने के भीतर ही पूरा करते हुए जीएसटी परिषद की बैठक में अहम निर्णय लिया गया। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


करनाल। जीएसटी में छूट पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते दुकानदार।

## खुलकर खरीदारी कर रहे ग्राहक

इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम संचालक संदीप बंसल ने बताया, "पहले ग्राहक टैक्स के बोझ से झिझकते थे, अब खुलकर खरीदारी कर रहे हैं। टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की डिमांड काफी बढ़ी हैं।

मिठाई कारोबारी राजेश गोयल ने कहा, "त्योहारों में मिठाइयों की बिक्री सबसे ज्यादा होती है। इस बार ग्राहक खुद आकर पूछ रहे हैं कि जीएसटी घटा है, तो हमें भी सस्ता मिल रहा है ।

जूता व्यापारी कृष्ण कुमार मित्तल ने कहा, "जीएसटी छूट का असर सीधे दुकानों पर दिख रहा है। ग्राहकों का विश्वास बढ़ा है और कारोबार आसान हुआ है।

वहीं किराना व्यापारी सतीश अरोड़ा ने कहा, "महंगाई से परेशान आम लोगों को सचमुच राहत मिली है। त्योहारों में घर का बजट संभालना अब आसान हुआ है। कहा, "जीएसटी छूट का असर सीधे दुकानों पर दिख रहा है। ग्राहकों का विश्वास बढ़ा है और कारोबार आसान हुआ है।

## न्यूज डायरी



### कॉलेज जीवन होता है उत्साहजनक : डॉ. दीप शिखा

**करनाल।** महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा के दूरदर्शी नेतृत्व में फ्रैशर्स स्टूडेंट के लिए मैंटल हेल्थ सेशन का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने स्टूडेंट को भेजे संदेश में बताया कि मेंटल हेल्थ सेशन में तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच का अभ्यास करने सहित प्रकृति में समय बिताने जैसे पहलुओं पर ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि मानसिक सेहत का बेहतर होना हर किसी आयु वर्ग के लिए जरुरी है और छात्रों का खासतौर पर अपनी मानसिक सेहत पर गौर करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह उनके सीखने और स्कूल या कॉलेज में भाग लेने के तरीके को प्रभावित करता है।



### बच्चों को देश प्रेम की शिक्षा देनी चाहिएः प्रदीप

तरावड़ी। श्री हंस राइस एंड जनरल मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि बच्चों को संस्कार और देश प्रेम की शिक्षा देना बहुत महत्वपूर्ण है। संस्कार और देश प्रेम की भावना बच्चों में बचपन से ही विकसित की जा सकती है, जिससे वे बड़े होकर एक जिम्मेदार और देशभक्त नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि संस्कार की शिक्षा बच्चों को नैतिक मूल्यों और अच्छे व्यवहार की ओर ले जाती है। संस्कार की शिक्षा से बच्चे सीखते हैं कि कैसे दूसरों के साथ सम्मान और प्रेम से पेश आना है, और कैसे अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदार बनना है। संस्कार की शिक्षा बच्चों को आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की ओर भी ले जाती है, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर सकते हैं। देश प्रेम की शिक्षा बच्चों को अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना की ओर ले जाती है।



### डीएलएसए ने छात्रों के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को दयाल सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन का दयाल सिंह कॉलेज पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. आशिमा ज्योत्सना व अंजू शर्मा इन्नरविहल क्लब व स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान सीजेएम डॉ. इरम हसन ने विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधित अधिनियमों की जानकारी दी और स्थाई कमेटी व आंतरिक कमेटी से अवगत करवाया।

### कैम्पेन नई दिशा नई उड़ान के तहत किया जागरूक



**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को कैम्पेन नई दिशा नई उड़ान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर डॉ.नीना द्वारा ज्युविनायलों के लिए त्रिदिवसीय योग सेशन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक प्लेस ऑफ सेफ्टी मे रह रहे ज्युविनायलों के लिए योगा व मैडिटेशन सैशन का आयोजन किया गया। इसके अलावा पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा व पैरा लीगल वालंटियर पूजा वर्मा ने ज्युविनायलों के लिए जागरूकता शिविर लगा कर उन्हे उनके अधिकारों व मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जागरूक किया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जुड़ी स्वयंसेवी के सौजन्य से सभी ज्युविनायलों को रिफ्रैशमैंट भी प्रदान की।



### एनएसएस शिक्षा नहीं, बल्कि समाज सेवा : डॉ. सैनी

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का 57वां स्थापना दिवस उत्साह और समाज सेवा के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने शिरकत की। उन्होंने एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सक्रिय भागीदारी की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। डॉ. सैनी ने विशेष रूप से स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, पराली न जलाना, पटाखों से दूरी, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति रैलियों, स्वास्थ्य शिविरों और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में दिए गए योगदान की सराहना की।



### राजकीय महिला कालेज में संचार कौशल पर कार्यशाला

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला सहभागिता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता गुप्ता की ओर से राजकीय महिला महाविद्यालय में संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा के सहयोग से हुई इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता नवीन ल्यूक, आकृति मारवाह और आभा गुप्ता (निदेशक, कैमब्रिज अकादमी करनाल) ने विचार रखे। सुजाता गुप्ता ने कहा कि आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए पढ़ना, लिखना और भाषा का अभ्यास करना आवश्यक है। कार्यशाला में छात्राओं को व्यवहार, भाषा और अभिव्यक्ति सुधारने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर भाविपा माधव शाखा की वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुचेता गुप्ता, अध्यक्ष आरएस चिक्कारा, सचिव गीता प्रकाश और पूर्व अध्यक्ष पायल चौधरी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध



**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत तुरंत प्रभाव से जिला करनाल में धान की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा 15 नवम्बर 2025 तक लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिले की सीमा के अन्दर धान की फसल की कटाई के पश्चात इसके अवशेषों को जला दिया जाता है जिससे पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का कम होना, लाभदायक कीट/जीवाणुओं का समाप्त होना तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा सम्पत्ति व जान-माल की हानि का भी डर बना रहता है।

### संवेदनशीलता की मिसाल बने विधानसभाध्यक्ष

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का संवेदनशील और आध्यात्मिक व्यक्तित्व एक बार फिर लोगों के दिलों को छू गया। अवसर था निफा की 25वीं वर्षगांठ का, जो करनाल के गोल्डन मूमेंट में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में उनकी एक छोटी सी मानवीय प्रतिक्रिया ने उपस्थित लोगों को गहरे भावुक कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कुछ लोग रूटीन शिष्टाचार भेंट के लिए स्पीकर कल्याण से मिलने पहुंचे।

## विधायक ने अनाज मंडी आढ़तियों एवं किसानों से बात की

# अनाज मंडी में किसानों और आढ़तियों को नहीं आने देंगे कोई भी परेशानी

देश की रीढ़ किसान है और आढ़ती व्यापार की अहम कड़ी, दोनों को दें सभी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी मार्केट कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने अनाज मंडी आढ़तियों एवं किसानों से बात की। इस दौरान मंडी आढ़तियों ने कई समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। जिस पर विधायक कबीरपंथी ने तुरंत विभाग के आला अधिकारियों को फोन करके उचित दिशा-निर्देश दिए। कई किसानों ने भी विधायक से मुलाकात की तथा अपनी बात उनके समक्ष रखी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कबीरपंथी ने आश्वासन दिया है कि मंडी में किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मंडी में कृषि उत्पादों की खरीद-फरोख्त में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने पर हमारी सरकार जोर दे रही है और मंडियों से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। विधायक ने कहा कि आढ़तियों और व्यापारियों को भी बिना किसी प्रशासनिक या अन्य बाधा के व्यापार करने दिया जाएगा ताकि मंडी में कामकाज सुचारू रूप से चलता रहे। हमारे देश की रीढ़ किसान है और आढ़ती व्यापार की अहम कड़ी हैं। मंडियों में अगर यह दोनों परेशान होंगे तो पूरा तंत्र चरमरा जाएगा।

» मंडी में आढ़तियों ने कई प्रकार की समस्याएं विधायक के सामने रखीं, दिया आश्वासन

» किसानों से बात करके विधायक ने अफसरों को दिए समाधान के निर्देश


मार्किट कमेटी कार्यालय पहुंचें विधायक भगवान दास कबीरपंथी आढ़तियों से बातचीत करते हुए।

### किसानों को न हो परेशानी

विधायक ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी किसान को अपनी उपज बेचने में कठिनाई न हो और आढ़तियों को भी बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के व्यापार करने की स्वतंत्रता मिले। कबीरपंथी कहा कि यदि भविष्य में किसी किसान या व्यापारी को कोई परेशानी होती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### किसानों ने विधायक की पहल का स्वागत किया

स्थानीय किसानों ने विधायक की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि यह वादे धरातल पर उतरते हैं, तो उन्हें अपनी उपज के लिए सही मूल्य मिलना और व्यापार में आसानी सुनिश्चित होगी। उन्होंने अनाज मंडी आढ़तियों एवं किसानों से बात की। इस दौरान मंडी आढ़तियों ने कई समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। जिस पर विधायक कबीरपंथी ने तुरंत विभाग के आला अधिकारियों को फोन करके उचित दिशा-निर्देश दिए। वहीं इस मौके पर कई किसानों ने भी विधायक से मुलाकात की तथा अपनी बात उनके समक्ष रखी।इस मौके पर मंडी आढ़ती रणजीत भारद्वाज, नरेन्द्र शर्मा, अनिल चौधरी, मुकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, भूषण मित्तल, बलकार सिंह, तेजेन्द्र, मुकेश राणा के अलावा कई मंडी आढ़ती मौजूद रहे।

### विधायक ने जीएसटी स्लैब में गए बदलावों की जानकारी ली



**तरावड़ी।** विधायक भगवानदास कबीरपंथी मंगलवार को तरावड़ी के मेन बाजार पहुंचे और स्थानीय दुकानदारों व आमजन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में किए गए बदलावों के बारे में जानकारी साझा की और दुकानदारों से प्रत्यक्ष रूप से इसके प्रभाव के बारे में पूछा। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर जीएसटी सुधार का बड़ा फैसला लिया है, जिससे त्योहारी सीजन में आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। छोटे-बड़े सभी सामानों पर टैक्स घटने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और खरीदारी का उत्साह बढ़ेगा। खासकर दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर लोग अधिक संख्या में खरीदारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सुधार से रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं पर भी टैक्स कम किया गया है। इससे जहां उपभोक्ताओं को सस्ता सामान मिलेगा, वहीं दुकानदारों को भी फायदा होगा क्योंकि उनके सामान की बिक्री बढ़ रही है। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि यह सुधार प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी सोच का निर्णय है। इससे हर वर्ग को लाभ होगा। दुकानदारों की तरफ से हम प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर विधायक कबीरपंथी ने दुकानदारों से बातचीत कर उनकी राय जानी और आमजन से भी मुलाकात की।


करनाल। रक्तदान शिविर में विधायक का स्वागत करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

### इंसान को नयर जीवन देना सबसे बड़ा पुण्यः राणा

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के क्रम में विधानसभा असंध के ग्राम जूँडला में आयोजित रक्तदान शिविर में विधायक योगेन्द्र राणा ने की शिरकत, इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में रक्तदान के लिए जोश देखने को मिला। इस दौरान विधायक राणा ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता, आपका दिया रक्त किसी को नया जीवन दे सकता है, इसके साथ ही राणा ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी के संस्कार है जिसमे प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा तथा तत्परता के साथ प्रत्येक अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, संजय राणा, जिला सचिव दीपक सैनी,भारतीय जनता पार्टी के जूँडला मण्डल अध्यक्ष सुलेंद्र कादियान, जलमाना मण्डल के अध्यक्ष विजय राणा, मण्डल प्रभारी मीनाक्षी भिंडर, तथा स्थानीय सरपंच सतीश कुमार और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगरपालिका टीम ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

■ निजी हाई स्कूल में नगर पालिका टीम द्वारा चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर पालिका घरौंडा ने एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो पूरे शहर में 24 नवम्बर तक चलाया जाएगा। स्वच्छता टीम द्वारा बुधवार को घरौंडा बाजार में स्थित निजी हाई स्कूल में नगर पालिका स्वच्छता टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

मुख्य रूप से लाइब्रेरियन संदीप लोहट, मोटिवेटर रेनू भूषण, स्कूल प्रिंसिपल विक्रांत , धर्मबीर व अन्य स्कूल अध्यापक मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सन्दीप लोहट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य घरौंडा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। जिसका श्रेय हमारे मेहनती सफाई मित्रों, कर्मचारियों और नागरिकों को जाता है।उन्होंने विद्यार्थियों को अपील करते हुए कहा कि'' घरौंडा को स्वच्छ कौन करेगा सभी विद्यार्थियों ने कहा हम करेंगे हम करेंगे/"।

उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी छोटे छोटे लक्ष्य लेकर स्वच्छता अभियान में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं सबसे पहले अपने स्कूल बैग से शुरुआत करके क्लास रूम, स्कूल व शहर व पूरे समाज तक इस अभियान को लेकर जाएंगे।बच्चों में भगवान का वास होता है इसलिए स्वच्छता अभियान जैसे पुण्य कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपनों को उड़ान भर सकते है।


घरौंडा। निजी हाईस्कूल में छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती नपा की

### साफ-सफाई के साथ पर्यावरण पर दें ध्यान

मोटिवेटर रेनू भूषण ने कहा कि शहर की साफ-सफाई के साथ-साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर भी ध्यान देना चाहिए। इसके लिए हमें आज से ही सिंलग यूज प्लास्टिक व हानिकारक पॉलीथिन के प्रयोग को बंद करना होगा। नागरिकों को संकल्प लेना चाहिए कि वह भविष्य में कभी भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरे लोगों को इसके बारे में जागरूक करेंगे। कहा कि आप सभी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी दें, ताकि स्वच्छता को लेकर शहर में जन अंदोलन चले और प्रत्येक नागरिक शहर की स्वच्छता और सुंदरता को लेकर अपनी भूमिका अदा कर सके।

स्कूल के प्रिंसीपल विक्रांत ने स्वच्छता टीम को स्कूल परिसर का निरीक्षण करवाया। इस दौरान स्वच्छता टीम द्वारा विद्यालय की साफ-सफाई, डस्टबिन का प्रयोग आदि बेहतर कार्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन की सराहना भी की।

## सीता स्वयंवर होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पंडाल

# घरौंडा की रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन

■ निजी हाई स्कूल में नगर पालिका टीम द्वारा चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

शहर के रामलीला ग्राउंड में चल रही रामलीला के तीसरे दिन रविवार को सीता स्वयंवर प्रसंग का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी धूम सिंह राणा, सतीश शर्मा कोहंड तथा गुगल बॉय के नाम से प्रसिद्ध कौटिल्य पंडित मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। मंच से सभी दर्शकों को अधिक से अधिक राम नाम से जुड़ने और रामायण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथियों का स्वागत पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया। मंचन में जनकपुर नगरी का दृश्य सजाया गया, जहां राजा जनक द्वारा भव्य दरबार लगाया गया। स्वयंवर में दूर-दूर से आए राजाओं और वीरों ने भगवान शिव के धनुष 'पिनाक' को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे हिला नहीं सका। एक ओर रावण का अहंकारी स्वरूप दिखाया गया, जिसने धनुष उठाने का प्रयास किया पर सफल न हो सका। दर्शकों ने रावण की गर्वोक्ति पर जोरदार हूटिंग और हंसी-ठहाकों से वातावरण गूंजा दिया। इसके बाद जब भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष उठाने का प्रयास किया तो पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। श्रीराम ने सहजता से शिवधनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया और उसी क्षण धनुष भंग हो गया। मंचन का यह दृश्य इतना प्रभावी रहा कि उपस्थित दर्शक भाव-विभोर हो उठे।



घरौंडा। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों का हौसला बढ़ाते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### सीता स्वयंवा ने दर्शकों को किया भाविभोर

स्वयंवा में जैसे ही धनुष टूटा, सीता जी ने श्रीराम के गले में जयमाला डाल दी। इस भावुक क्षण पर पंडाल में मौजूद लोगों ने पुष्प वर्षा की और "जय सिया राम" के नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सीता स्वयंवर का मंचन देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। दर्शकों ने बार-बार तालियों और नारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। रामलीला कमेटी के प्रधान मनीष गुप्ता क्लब के प्रधान मोहन लाल जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला में नए और पुराने कलाकार मिलकर मंचन को विशेष बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीता स्वयंवर का प्रसंग दर्शाता है कि धर्म, संयम और विनम्रता हमेशा गर्व और अहंकार पर भारी पड़ते हैं।

### लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ को रहें तैयार

**इंद्री।** एसडीएम अशोक मुंजाल ने बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली ।

एसडीएम ने कहा कि 25 सितंबर को माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करेंगे, वहीं जिला स्तर व उप मंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंद्री में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 25 सितम्बर को बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। थे। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आपसी तालमेल से कार्य करें।

## खबर संक्षेप

### पोषण आहार जागरूकता रैली निकाली

**इसराना।** पानीपत गांव इसराना में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईसीसीई कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। सुपरवाइजर मोहिनी देवी, संजना, मोहिनी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन, संगीता, सुषमा, कुशम लता, सरला, मीना और सावित्री ने महिलाओं को पोषण आहार की जानकारी दी।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने सींक गांव में घर में घूसकर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में चौथे आरोपी जीन्द जिले के पढ़ाना गांव के दीपक उर्फ जफर को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ जफर के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल, एक मैग्जीन व एक जिंदा कारसूत बरामद किया है। इस केस में थाना मतलौडा की उरलाना कला चौकी में सींक गांव निवासी बिजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कविता गायन में वर्षा रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता करवाई। जिसमें वर्षा प्रथम, देव व अभिषेक द्वितीय, संध्या व साक्षी तृतीय रही। जबकि सांची को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, साक्षी मुंजाल आदि उपस्थित रहे।

### फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में बुधवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विषय विशेषज्ञ डॉ. राधे श्याम ने की। वहीं, कार्यक्रम में खंड कृषि अधिकारी सहायक विकास त्यागी ने किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और विशेष रूप से फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। वहीं, पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा।

### लाडो लक्ष्मी का शुभारंभ आज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, जीएसटी सुधार आउटरीच अभियान, समाधान शिविर पर चर्चा की। वहीं डीसी डॉ दहिया ने बताया कि वीरवार महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत होने जा रही है।

### पानीपत को मिलेगी विकास की सौगात

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह वीरवार को पानीपत में भाजपा के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। वहीं, पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र की करोड़ों रुपये की दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री नायब सिंह करेगे। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल भी शिरकत करेंगे। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र से जीटी रोड़ तक आरओबी के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए आधुनिक फायर स्टेशन का उद्घाटन किया जाएगा।

### नमस्ते पोर्टल पर दर्ज करें

**पानीपत।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा की मैन्युअल स्कवेंजर के तहत अगर कोई व्यक्ति इस जिले में कार्य करता हुआ पाया जाता है तो इसकी सुचना 15 दिन के अंदर साक्ष्य सहित जिला उपायुक्त कार्यालय पानीपत तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल एक व दो पानीपत में दर्ज कराये, ताकि ऐसे व्यक्ति की जानकारी नमस्ते पोर्टल पर दर्ज करवाई जा सके व सम्बंधित व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई गयी योजना का लाभ प्राप्त कर सके।

## अनुपयोगी वस्तुओं से अपनी सृजनात्मकता दर्शाई

# आईबी कॉलेज में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी

इस प्रकार की गतिविधियां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विद्यार्थियों को प्रेरित करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी कॉलेज में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। वहीं, विद्यार्थियों ने अनुपयोगी और बेकार वस्तुओं को नए रूप में प्रस्तुत कर अपनी सृजनात्मकता एवं नवाचार प्रस्तुत किया। यह प्रदर्शनी बायोलॉजिकल एसोसिएशन, केमिकल एसोसिएशन, ईको क्लब तथा पर्यावरण अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विद्यार्थियों को प्रेरित भी करती हैं और उन्हें नए विचारों के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर देती हैं। इस अवसर पर डॉ अर्पणा गर्ग, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो अंजलि गुप्ता, डॉ सुनित शर्मा, डॉ पूनम मदान, प्रो अजय पाल, डॉ. राजेश, प्रो. अशवनी, प्रो. निशा, प्रो रुचिका, प्रो. अंजुश्री उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मालिक, आदि। फोटो : हरिभूमि

## आर्य कॉलेज में मनाया एनएसएस दिवस

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस दिवस मनाया गया। वहीं, प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया की इस वर्ष एनएसएस की थीम युवा शक्ति समाज सेवा की ओर रखी गई थी, जो युवाओं को समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है। डॉ.गुप्ता ने कहा कि एनएसएस युवाओं के चरित्र निर्माण और उनमें सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। एनएसएस की प्रभारी अधिकारी डॉ.मनीषा डुडेजा व कार्यक्रम अधिकारी आस्था गुप्ता ने कहा की एनएसएस विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से बाहर निकलकर समाज की वास्तविकताओं से रूबरू होने का मौका भी देता है। इधर, बेस्ट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में निधि ने पहला, विनय ने दूसरा, तीसरा स्थान संयुक्त रूप से अमन, भूमिका व वंशिका ने हासिल किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार सानिया ने हासिल किया।



# पौधे रोपकर सांसद कुमारी सैलजा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

■ भगवान से सांसद कुमारी सैलजा की स्वस्थ्य व लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, (सीडब्ल्यूडी की सदस्य) व उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा के जन्मदिन पर बरसत रोड स्थित कृपाल आश्रम व राधा स्वामी जालन्धर शाखा में कांग्रेस नेता डॉ. ओमवीर पंवार ने अपने साथियों के साथ फलदार पौधे लगाए और सिविल अस्पताल में रोगियों को फल बांटें। वहीं डॉ. पंवार ने अपने साथियों के साथ भगवान से सांसद कुमारी सैलजा की स्वस्थ्य व लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर कांग्रेसी नेता मोहकम छोक्कर, सुभाष तंवर, नरेन्द्र भिगान, तिलक राजोरा, राजबीर पोड़िया, बलजीत सरासर, महिपाल सिंह, जसबीर राणा, राजेन्द्र कंडेला, विकास कुमार, प्रदीप राणा, बबलू कश्यप, अनिल आहूजा, मोहित पाल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** सांसद सैलजा के जन्मदिन पर रोगियों को फल बांटते हुए कांग्रेसी नेता डॉ. ओमवीर पंवार। फोटो :हरिभूमि

### पानीपत रिफाइनरी में आपदा ड्रिल की

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए बुधवार को पानीपत नेफ्था क्रैकर में विभिन्न विभागों के द्वारा प्रॉपलीन रिसाव और आग के खतरे से निपटने की तैयारियों के सही आंकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वहीं, एमएल डहरिया, पीआरपीसी ने मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना की।

## प्रदेश की जनता के हित के लिए संघर्षरत है इनेलो पार्टी : देशवाल



रणवीर सिंह

**पानीपत।** इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव चौधरी रणवीर सिंह देशवाल ने दावा किया कि इनेलो की ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही रैली ऐतिहासिक होगी। वहीं देशवाल ने दावा किया कि इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी और ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। देशवाल ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया। इस अवसर पर उनके साथ वैभव देशवाल, दीपा देशवाल आदि इनेलो नेता व कार्यकर्ता भी थे।

# देश, समाज, मानवता की सेवा करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ एनएसएस का आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप है : मनीष

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मनीष घनगस ने किया। वहीं, मनीष ने बताया कि एनएसएस का आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप है। संप्रति वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने में एनएसएस की मुख्य भूमिका है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के युवाओं में व्यक्तित्व विकास करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। यह हर साल 24 सितंबर को मनाया जाता है। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने रैली के माध्यम से समाज के लोगों में सफाई के प्रति अपना कर्तव्य निभाने और समाज में फैली बुराइयों से एक साथ मिलकर लड़ने के लिए अपील की ताकि हम सब मिलकर एक सभ्य समाज का निर्माण कर सके। विद्यार्थी देश, समाज, मानवता की सेवा करें। इस अवसर पर प्रमोद चोपड़ा व रामधन आदि मौजूद रहे।




**पानीपत।** आर्य स्कूल के प्राचार्य मनीष घनगस एनएसएस दिवस पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सेहत के लिए लाभकारी है स्वच्छ पानीः कौल



राकेश कौल

**पानीपत।** भारत के प्रमुख और भरोसेमंद कंज्यूमर वेलनेस ब्रांड लिवप्योर ने बुधवार को पानीपत में अपना नया एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट लॉन्च किया। आउटलेट में वॉटर प्यूरिफायर, किचन अप्लायंसेज और एयर कूलर्स का सबसे बड़ा कलेक्शन इंटरेक्टिव और अनुभवात्मक तरीके से पेश किया गया है। लिवप्योर के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश कौल ने कहा कि लिवप्योर के विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक वाले उत्पाद है और जनता को ये उत्पाद बेहद पसंद आएंगे। कौल ने दावा किया कि लिवप्योर ने भारत का सबसे बड़ा बिना झंझट वाला वॉटर प्यूरिफायर कलेक्शन लॉन्च किया है। यह लॉन्च लिवप्योर के उस विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य हर भारतीय परिवार तक शुद्ध पानी देगा।

# डेरा बाबा जोध सचियार ने पंजाब के बाढ़ पीडितों की मदद की

■ एक-एक लाख रुपये की नकद राशि एवं एक ट्रक खाद्य सामग्री एवं जरूरत का समान का भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डेरा बाबा जोध सचियार ने पंजाब के तीन बाढ़ पीड़ित परिवारों को एक-एक लाख रुपये की नकद राशि एवं एक ट्रक खाद्य सामग्री एवं जरूरत का समान का भेंट किया गया। नगर निगम की पूर्व मेयर अवनीत कौर की अपील पर नगर की कई संस्थाओं ने यह राहत सामग्री जुटाई है। इस सामग्री के जुटाने में डेरा बाबा जोध सचियार सेवा सिमरन समिति, गरीब परिवार सहायता समिति, गुरु ग्रंथ साहिब सेवक जत्था शामिल है। वहीं, डेरा बाबा जोध सचियार से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए अभी तक छह ट्रक राहत सामग्री के भेजी जा चुकी है। इस अवसर पर किन्नर समाज से हाजी गुरु साधना, स.मानसिंह चुघ, कंवलजीत सिंह, पूर्व मेयर स.भूपेंद्र सिंह, कश्मीर पहलवान, राजेंद्र खुराना, राकेश भयाना, राजकुमार मेहंदी रत्ता, विनोद खंडेलवाल व विजय सैनी आदि मौजूद रहे। वहीं सहायता प्राप्त करने वाले परिवारों ने उनका धन्यवाद किया।



**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार में पंजाब के बाढ पीड़ितों को नगदी भेंट करते हुए सेवादार। फोटो :हरिभूमि

## स्वास्थ्य और अनुशासन का आधार है खेल : यामीन



**समालखा।** यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस एकेडमी के खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस एकेडमी के संचालक यामीन ने कहा कि मार्शल आर्ट जैसे खेल युवाओं को सशक्त बनाते हैं। खेल स्वास्थ्य और अनुशासन का आधार है। 27 से 28 सितंबर को पानीपत में आयोजित होने वाली हापकीड़ो मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता के लिए यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस एकेडमी में सीनियर खिलाड़ियों 75 किग्रा वर्ग में मनमीत सिंह, 68 में प्रबंनूर मुलतानी, 60 में साहिल, 65 में भूपेंद्र, 55 में अजय, 50 में दीपिका, 47 में किरन देवी, 78 में जतिन कुमार, 44 किग्रा में पंमी का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में बॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्शन डायरेक्टर यामिन, अमन, प्रियंका, कंवर आदि विशेषज्ञ शामिल रहे।

### मानवता के लिए 64 ने किया रक्तदान

पानीपत। पानीपत जिला पुलिस द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को पुलिस लाइन में हेल्थ चेकअप व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपी आत्माराम ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया और स्वयं रक्तदान कर रक्तदाताओं का हौसला बढाया। वहीं, शिविर में काफी संख्या में पुलिस अधिकारियों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में ऑर्टियोस अस्पताल के चिकित्सकों की टीम डॉ. जसबीर मलिक, डॉ. रविंद्र, डॉ. सुप्रीति मलिक, डॉ. सानवी ने स्वास्थ्य जांच की। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला रेडक्रास के सहयोग किया गया। वहीं, कैंप में 64 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की भलाई शाखा इंचार्ज इंस्पेक्टर नीरज, लाइन अफसर इंस्पेक्टर सत्यवान, फॉर्मासिस्ट राकेश व देवेंद्र, ईएएसआई जयभगवान आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** पानीपत पुलिस लाइन में रक्तदान करते हुए पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



**पानीपत।** स्वच्छ हुई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित करते हुए अधिकारीगण।

## पानीपत में सबसे स्वच्छ गांव बना गढी भल्लौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डीआरडीए पानीपत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ पंचायतों को चुना गया। इसमें खंड बापौली की ग्राम पंचायत गढी भल्लौर को प्रथम स्थान, खंड समालखा की ग्राम पंचायत बसाडा को द्वितीय स्थान तथा खंड मतलौडा की ग्राम पंचायत वैसरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, बीडीपीओ शीतल गुलिया, सुनीता गोयल, नरेश त्यागी ने सरपंच गढी भल्लौर की सरपंच शालू, बसाडा के सरपंच सोहन सिंह, शिमला मौलाना की सरपंच मीनाक्षी व सरपंच वैसरी प्रॉमिला रानी को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### नई जीएसटी दरें लागू

**पानीपत।** केंद्र सरकार की ओर से नई जीएसटी दरों को लागू कर दिया गया है, इसलिए जिला के सभी उपभोक्ता व दुकानदार इन नई दरों के अनुसार ही सामान की खरीद व बिक्री सुनिश्चित करें। यह बात डीसी डाक्टर वीरेद्र कुमार दहिया ने कही। वहीं, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर तक सप्लाई हो चुकी वस्तुओं पर पुरानी दरें ही लागू होंगी। जबकि 22 सितंबर से जारी इनवॉइस या भुगतान पर नई दरें लागू मानी जाएंगी।

### ओटीएस योजना का लाभ लें

**पानीपत।** आबकारी एवं कराधान विभाग के डीईटीसी (जीएसटी) गौरव चहल ने व्यापारियों और आम जनता से ओटीएस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह योजना 27 सितंबर तक ही उपलब्ध रहेगी। वहीं, 24 से 27 सितंबर तक विभाग के सभी कार्यालय शाम सात बजे तक खुले रहेंगे।

### मां के जयकारों से गूंजा माता का मंदिर

**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर के भवन को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। नवरात्रों के मौके पर नगर और दूर दराज से माता के भगत माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। तीसर नवरात्रि के उपलक्ष में माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई।

## महिला थाने व रेलवे स्टेशन की महिला कोच में पी.फनल वितरित किए

# स्वच्छता को बढ़ावा देने में जुटा इन्नर व्हील

जिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता तथा महिला थाने की एसएचओ रेखा भी मौजूद रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन द्वारा जिले से प्राप्त पी फनल प्रोजेक्ट के तहत महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई। इस अंतर्गत क्लब ने महिला थाने तथा रेलवे स्टेशन की महिला कोच में पी.फनल वितरित किए। इस अवसर पर जिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता तथा महिला थाने की एसएचओ रेखा भी मौजूद रही। उन्होंने क्लब की इस सराहनीय पहल को महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जिससे स्वच्छता, गरिमा और सुविधा को बढ़ावा मिलेगा। वहीं क्लब की प्रधान रूपाली चोपड़ा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों और यात्रा के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में क्लब की सदस्याएं सीमा बब्बर, नीतू छाबड़ा, मीनू अधिवक्ता पद्मा शर्मा व क्लब संपादिका श्वेता मिगलानी आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** इन्नर व्हील क्लब की टीम महिला थाना में पी फनल बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पानीपत में खेल महाकुंभ का आगाज

विधायक प्रमोद विज ने खो-खो व तलवारबाजी का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के शिवाजी स्टेडियम, मॉडल टाउन, में बुधवार को राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत खो-खो एवं तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ पानीपत शहरी विधायक विधानसभा प्रमोद विज ने किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों व राई सेंटर सहित 23 टीमों के करीब 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे है। कार्यक्रम के दौरान सीनियर कोच अनुज जागलान, कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी एवं कुश्ती प्रशिक्षक, सुमित गौड़, उपाधीक्षक, नरेंद्र सिंह, तलवारबाजी प्रशिक्षक, महीपाल, एथलेटिक्स प्रशिक्षक, जगबीर सिंह, जूडो प्रशिक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**पानीपत।** हरियाणा खेल महाकुंभ का शुभारंभ करते हुए विधायक प्रमोद विज।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी सिकंदर को पुलिस ने काबू किया है। 3 अगस्त 2025 को एएनसी सैल ने हेरोइन तस्करी में बाइक सवार गुरदीप सिंह हन्नी को काबू किया था। तब पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन जब्त की थी। अब पुलिस ने इस मामले में नए आरोपी सिकंदर को पकड़ा है। हन्नी ने इस मामले में पूछताछ के दौरान आरोपी सिकंदर के संलिप्त होने की बात कही थी। इसी आधार पर उसे काबू किया गया है।

### चोरी का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्म सिंह उर्फ कर्मा को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर चोरीशुदा जेवरात बरामद किए गए हैं। गांव पिजौरा के सौरभ कुमार ने 1 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अगस्त 2025 को साहा में स्थित उसके घर से आरोपी ने सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह, परमवीर व गगनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। महावीर नगर के निखिल ने 23 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि महेशनगर नगर चौक में आरोपी हरदीप सिंह, परमवीर व गगनप्रीत सिंह ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### भव्य पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन आज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व और मार्गदर्शन में 25 को प्रातः 9 बजे से कॉलेज के मैनेजमेंट एवं टेक्नोलॉजी ब्लॉक में भव्य पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

*अविश्वास प्रस्ताव के जरिए तत्कालीन चेयरमैन लाड़ी को हटाए जाने के बाद से खाली पड़ी थी कुर्सी*

# अंबाला : नौ साल बाद सरदार मक्खन सिंह लबाना की ताजपोशी, सर्वसम्मति से बने जिला परिषद के चेयरमैन

कुछ रोज पहले ही कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में हुए थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नौ साल पहले इनेलो के धड़े से सरदार मक्खन सिंह लबाना जिला परिषद के चेयरमैन बनते बनते रह गए थे। तब दो वोट क्रॉस होने की वजह से वे ये चुनाव हार गए थे। मगर अब लंबे इंतजार के बाद बुधवार को भाजपा खेमे से बतौर जिला परिषद चेयरमैन उनकी ताजपोशी हो गई।

कुछ रोज पहले ही वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वार्ड नंबर 9 से जिला परिषद सदस्य मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। लबाना के खिलाफ किसी ने भी चेयरमैन पद के लिए दावेदारी नहीं दिखाई थी। इसी वजह से उन्हें अब चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कुछ समय पहले ही अविश्वास प्रस्ताव के जरिए जिप सदस्यों ने तत्कालीन चेयरमैन राजेश लाड़ी को इस पद से हटाया था।



अंबाला। जीत के बाद जिप चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना को मिला सर्टिफिकेट दिखाते भाजपा नेता व जिप सदस्य।

### लड़ चुके विस व जिप चुनाव

मक्खन सिंह लबाना राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। लंबे समय से राजनीति कर रहे मक्खन सिंह लबाना इससे पहले वर्ष 2008-09 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर अंबाला शहर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। तब उन्हें करीब 12 हजार वोट मिले थे। इसके बाद 2016 में उन्होंने इनेलो की टिकट से जिला परिषद चुनाव लड़ कर जीत हासिल की। तब इनेलो की ओर से मक्खन सिंह लबाना को चेयरमैन पद का उम्मीदवार बनाया था। हालांकि क्रॉस वोटिंग की वजह से वे चुनाव हार गए। उस समय भाजपा के सुरेंद्र सिंह राणा चेयरमैन बने थे। 2022 में हुए जिला परिषद चुनाव में मक्खन सिंह लबाना कांग्रेस की टिकट पर मैदान में उतरे। इसके बाद उन्होंने भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह राणा को शिकस्त देकर जीत हासिल की। तब कांग्रेस की ओर से उन्हें चेयरमैन उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया। हालांकि चुनाव से ऐन पहले मक्खन सिंह लबाना को पुलिस ने कबूतरबाजी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। इसी वजह से भाजपा के राजेश कुमार लाड़ी जिला परिषद के चेयरमैन बन गए। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में राजेश लाड़ी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। मगर भाजपा के फिर से सत्ता में आने के कारण उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। मौका पाकर कुछ रोज पहले ही मक्खन सिंह लबाना फिर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल की अगुवाई में भाजपा में शामिल हो गए। तभी से उनके जिप चेयरमैन बनने की बात कही जा रही थी।

### 14 सदस्य मौजूद रहे

एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 9 के सदस्य मक्खन सिंह लबाना को जिला परिषद का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। एडीसी के डीआरडीए कांफ्रेस हाल में इस सिलसिले में सभी सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई थी। इसमें 15 में से 14 सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन नियुक्त करने का ऐलान किया। इस मौके पर डीडीपीओ दिनेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, महामंत्री कर्मचंद गोल्डी, भाजपा पदाधिकारी दिनेश लदाणा, यतिन बंसल, अनुभव अग्रवाल, संजीव गोयल टोनी, अशीष टक्कर भी मौजूद रहे।

### ज्यादातर सदस्य समर्थन में आए

यहां जिला परिषद के कुल 15 वार्ड हैं। इनमें से भाजपा समर्थित 8, कांग्रेस के 4 और बसपा के 3 सदस्य हैं। पहले संभावना जताई जा रही थी कि कांग्रेस बसपा के साथ मिलकर चेयरमैन पद के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतार सकती है। मगर ज्यादातर सदस्यों ने भाजपा सदस्य मक्खन सिंह लबाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसी वजह से मतदान की संभावना ही खत्म हो गई।

### राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं



**बराड़ा।** डीएवी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने किया। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर सविता सैनी, इकाई कार्यकर्ता रजनी गुप्ता व शिक्षिका रिंपी भी उपस्थित रहीं। प्राचार्या सुनीता कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के अंदर और बाहर स्वच्छता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या ने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया फोटो :हरिभूमि

# शिविर में 81 युवाओं ने किया रक्तदान, पूर्व विधायक ने युवाओं का किया उत्साहवर्धन

- चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव कडासन में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के शहजादपुर मंडल व कड़ासन मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दोनों मंडलों के 81 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। रक्तदान के जरिए न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जाती है, बल्कि समाज में मानवता और आपसी सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा गांव कडासन में जिस तरह युवाओं और अन्य लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की है, वह सराहनीय है। भाजपा के कार्यकर्ता सेवा भाव से जुड़े हुए हैं और पार्टी की यही पहचान है कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है।



शहजादपुर। रक्तदाता को प्रोत्साहित करते पूर्व विधायक सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

रक्तदान करने वाले सभी साथी जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है जो हमेशा किसी न किसी के जीवन को बचाने में सहायक होता उन्होंने सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए युवाओं से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से ऐसे सेवा कार्यों में भाग लें। ऐसे शिविरों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और नए रक्तदाताओं को प्रेरणा मिलती है। जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, शहजादपुर मण्डल प्रधान विक्रम राणा, कडासन मंडल प्रधान हरजिंद्र पाल, महामंत्री मोहित शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र राणा, अनिल कुमार मंडल सचिव, सुरेंद्र शर्मा, राकेश बिंदल, अमनदीप सिंह गोपाल कृष्ण, सुनील कुमार, अशोक कुमार, रामवीर प्रतापत, अमित राणा आदि मौजूद रहे।

### ट्रेडिंग के नाम पर 13.60 लाख की ठगी

**अंबाला।** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अंबाला शहर के रोहित शर्मा से 13.60 लाख की धोखाधड़ी हो गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में सिटी के कोतवाली बाजार के रोहित शर्मा ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है। 21 अगस्त को वह अपनी फेसबुक आईडी देख रहे थे कि अचानक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का एक लिंक सामने आया। लिंक पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। इस ग्रुप में काफी लोग थे। तभी डॉ. जितेंद्र बहादुर नाम के व्यक्ति का मैसेज आया। उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने का झांसा दिया। इस तरह से 15 सितंबर तक पैसे लगवाते रहे, साथ ही ऑनलाइन मोटा मुनाफा दिखाते रहे। बोल रहे थे कि सारा पैसा एक साथ निकल जाएगा। आखिर में जब रुपये निकाले तो ग्रुप से हटा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बराड़ा: वार्ड नंबर 4 में गली का होगा निर्माण, अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

- रेखा टेलर के घर से गुरदीप सिंह के घर तक बनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड नंबर 4 में नपा सदस्य प्रवेश मेहंदीरत्ता के साथ मिलकर एक नई गली का शिलान्यास किया। यह गली रेखा टेलर के घर से गुरदीप सिंह के घर तक बनाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व सदस्य संदीप अरोड़ा के पिता सुरेंद्र बिल्ला ने नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपा सदस्य प्रवेश मेहंदीरत्ता ने बताया कि चेयरमैन रजत मलिक ने पहले ही कई गलियों के टेंडर पास करा दिए हैं। बारिश के कारण कुछ कामों में देरी हुई थी लेकिन अब उन्हें दोबारा शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में ये गलियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, कुछ और गलियों के लिए भी जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इस मौके पर बोबी मलिक, अनुराग अग्रवाल, राजिंदर मक्कड़, लकी पाहवा, मोनू मक्कड़, जसप्रीत बबू मक्कड़, रितेश वधवा, अनिल जैन, महेश खनेजा, सोनू खनेजा, शंटी वधवा, , लवीश भी मौजूद थे।



बराड़ा। गली के निर्माण कार्य का शुभारभ करते हुए चेयरमैन। फोटो : हरिभूमि



### रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो.बोर्ड का गठन

**पंचकूला।** मोहाली एडीसी (यूडी) के आदेशानुसार, सिल्वरसिटी थीम्स, मुबारकपुर की चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पारस राम द्वारा चुनाव समिति के सदस्यों श्री वीरेंद्र सेखरी और सुश्री रीत गुलाटी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 23 सितंबर, 2025 को सिल्वरसिटी थीम्स में सर्वसम्मति से एक नए रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) बोर्ड का गठन किया गया। अध्यक्षः राकेश मित्तल को मौजूदा बोर्ड सदस्यों के पूर्ण समर्थन से सर्वसम्मति से पुनः निर्वाचित किया गया। अन्य निर्वाचित कार्यकारी बोर्ड सदस्य हैंः उपाध्यक्षः सुश्री लूसी बर्गेस, महासचिवः सुश्री राजवीर कौर वालिया, कोषाध्यक्षः श्री गगन तनेजा, संयुक्त कोषाध्यक्षः श्रीमती वसुमती शर्मा, चुने गए टावर निदेशकों के नाम हैंः श्री नरेश सूद, श्री नितिन गवारी, श्री राजेंद्र कौशिक, श्री आशीष मौदगिल और श्री शुभम शर्मा। आज की बोर्ड बैठक में हुई पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सर्वसम्मति से संपन्न हुई। अध्यक्ष राकेश मित्तल ने आभार व्यक्त किया और सभी बोर्ड सदस्यों को आश्वासन दिया कि बोर्ड समाज की प्रगति और बेहतरी के लिए मिलकर काम करेगा।

# अध्यापक बीएलओ की ड्यूटी कर रहे, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

- अध्यापक बच्चों को पढ़ाएं या अन्य कार्यों में समय बर्बाद करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अधिकतर सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का कार्य सौंपा गया है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य लहरी सिंह ने कहा कि अध्यापकों से मतदाता सूची का मिलान और वोट से संबंधित लगभग सभी काम करवाए जा रहे हैं, जबकि उनका पहला कर्तव्य बच्चों को शिक्षा देना है। कई स्कूलों में केवल एक ही अध्यापक है, जिसे पढ़ाई कराने की बजाय बीएलओ का काम सौंप दिया गया है। सितम्बर माह में जहां सेवा पखवाड़े और अन्य गतिविधियां चल रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक मिलान भी करवाया जा रहा है। इन सब गैर-शैक्षिक कार्यों के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

### छह अध्यापकों को लगाया काम पर

लहरी सिंह ने बताया कि बीएलओ ड्यूटी लगाने में भी भेदभाव किया जा रहा है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पहले ग्रुप सी के कर्मचारियों को लगाया जाना चाहिए और बाद में ग्रुप बी के कर्मचारियों को। लेकिन क्षेत्र में इसका पालन नहीं किया जा रहा। बूथ नंबर 140 में ग्रुप सी कर्मचारी मौजूद होने के बावजूद उन्हें दरकिनार कर ग्रुप बी अधिकारी को बीएलओ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर बराड़ा एसडीएम और चुनाव कानूनगो को भी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जफरपुर सरकारी स्कूल से 5 अध्यापकों को बीएलओ और 1 को सुपरवाइजर बना दिया गया है। ऐसे में जब एक ही स्कूल से 6 टीचर बाहर रहेंगे तो पढ़ाई कौन करवाएगा? लहरी सिंह ने कहा कि बीएलओ का कार्य सीएससी स्तर पर भी करवाया जा सकता है, जिससे अध्यापकों को गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्ति मिलेगी। संघ ने सरकार और चुनाव आयोग से मांग की है कि अध्यापकों को बीएलओ ड्यूटी से तुरंत मुक्त किया जाए।

### प्रॉपर्टी डीलर के गले से चेन छीनकर बाइक सवार फरार

**अंबाला।** पुलिस लाइन के पास से पल्सर बाइक सवार दो झपटमार प्रॉपर्टी डीलर के गले से सोने की चेन झपट कर ले गए। बलदेव नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में सिटी की शिवालिक कॉलोनी निवासी अंकित ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर है। 22 सितंबर को वह जिम से अपने दोस्त अमन के साथ स्कूटी पर सेक्टर-7 जा रहा था। जैसे ही वह पुलिस लाइन मैदान के पास पहुंचा तो रात 9.25 बजे पल्सर बाइक सवार दो युवक गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने हेलमेट लगाया हुआ था। कुछ दूरी तक उन्होंने आरोपियों का पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह मॉडल टाउन की तरफ फरार हो गए। चेन की कीमत दो लाख रुपये थी।

**निरीक्षण** गंभीर बीमारियों का उपचार, मंत्री ने अधिकारियों को दिए जल्द काम पूरा करने के निर्देश

# 14.79 करोड़ की लागत से 100 बेड के भवन का तेजी से हो रहा है निर्माण, विज ने लिया जायजा

अस्पताल की स्थापना से लोगों को इधर-उधर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी सिविल अस्पताल में 100 बैड के नए भवन का निर्माण चल रहा है। बुधवार को मंत्री अनिल विज ने इसका मुआयना किया। उन्होंने जल्द इसका निर्माण पूरा होने की उम्मीद जताई। यहां पर मुख्य रूप से क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) स्थापित होगी। इसकी स्थापना से लोगों को इधर-उधर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। यहां ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ कैंसर अस्पताल में जल्द पेट स्कैन का काम भी शुरू होगा। अभी इसका कार्य टेंडर लेवल है। निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य जल्द पूरा किया जाए ताकि अस्पताल में ईलाज के लिए आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि लगभग 14.79 करोड़ रुपए की लागत से बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा व अन्य मौजूद रहे।



अंबाला। नई बिल्डिंग के निर्माण का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

### 200 बेड हो जाएगी क्षमता

सिविल अस्पताल में 100 बेड की नई बिल्डिंग का निर्माण होने से अस्पताल की क्षमता 200 बैड हो जाएगी। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी फायदा होगा। मौजूदा समय में सिविल अस्पताल में 100 बैड की ही सुविधा है। मगर लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या के कारण अस्पताल में बैड की कमी खलने लगी है। इसीलिए 100 बेड नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है।

### सीसीयू में ये होंगी सुविधाएं

**दो बेसमेंट फ्लोरः** नई बिल्डिंग में कुल सात फ्लोर होंगे जिनमें दो बेसमेंट फ्लोर होंगे, इसमें एक फ्लोर पर वाहनों की पार्किंग होगी जबकि दूसरे फ्लोर पर एसी प्लांट व गैस प्लांट लगाया जाएगा।

**ग्राउंड फ्लोरः** ग्राउंड फ्लोर में रजिस्ट्रेशन कम रिसेप्शन सेंटर, इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध होगी, शोचालय व अन्य सुविधाएं होगी।

**पहला फ्लोरः** पहले फ्लोर पर ईमरजेंसी वार्ड होंगे जिनमें 28 बेड होंगे। दूसरे फ्लोर पर इनफेक्टिव आईसीयू (इनटेंसिव केयर यूनिट)।

**तीसरा फ्लोरः** 3 इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे। जबकि चौथा फ्लोर पर इनफेक्टिव ओटी, इनफेक्टिव ओटी, सुपर स्पेशलिस्ट ओटी तथा वार्ड होंगे।

### जीवन रक्षक साबित सीसीयू

100 बेड बिल्डिंग को क्रिटिकल केयर यूनिट की तरह तैयार किया जा रहा है जहां गंभीर या आपात समय में मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी। क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीज की निगरानी के लिए आवश्यक उपकरण, जरूरी दवाओं की व्यवस्था और मरीज की स्थिति के आधार पर चिकित्सीय निर्णय लेना शामिल होता है। क्रिटिकल केयर यूनिट में दिल की धडक़नों, रक्तचाप, और अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक संकेतों पर कड़ी नजर रखी जाती है। इससे डॉक्टर तुरंत किसी भी असामान्य लक्षण को पहचान कर त्वरित इलाज कर सकते हैं। सीसीयू में ऑक्सीजन सपोर्ट, दवाओं का इस्तेमाल, इमरजेंसी प्रोसीजर, पोस्ट-केयर व रिकवरी आदि सुविधा रहती है।